◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

रक्षा

मध्य प्रदेश के रीवा जिले के खेत में मिला दुर्लभ पैंगोलिन वन विभाग ने किया सफलतापूर्वक रेस्क्यू ।



रीवा। मध्य प्रदेश के रीवा जिले में एक खेत में दुर्लभ वन्यजीव पैंगोलिन मिलने से इलाके में हलचल मच गई। पैंगोलिन घायल अवस्था में मिला, जिसके बाद वन विभाग की टीम को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और वन्यजीव का रेस्क्यू कर उसे सुरक्षित कब्जे में लिया। पैंगोलिन एक दुर्लभ और संरक्षित वन्यजीव है, जो अपनी विशेष शल्कदार त्वचा के लिए पहचाना जाता है। फिलहाल वन विभाग द्वारा उसकी सुरक्षा और देखभाल की जा रही है।

— Dinkar Kumar Mahara

अपराध

शिक्षक ने खुद को मारी गोली, आत्महत्या की घटना



स्थानीय समाचार स्रोतों के अनुसार, एक शिक्षक ने अपने ही हाथों से आत्महत्या कर ली।

घटना के बाद पुलिस को सूचित किया गया और मामला दर्ज किया गया।

अभी तक कारण स्पष्ट नहीं हुए हैं और जांच जारी है।

मध्यप्रदेश: रीवा शहर के विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 10 से एक सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक शिक्षक ने खुद को गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना के बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और हड़कंप मच गया है। मृतक की पहचान सुभाष तिवारी के रूप में हुई है, जो पेशे से शिक्षक थे।

सिर में मारी गोली, मौके पर ही तोड़ा दम

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, शिक्षक सुभाष तिवारी ने कनपटी पर गोली मारी, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। गोली चलने की आवाज से आसपास के लोग सहम गए। शुरुआती जाँच-पड़ताल में इस खौफनाक कदम के पीछे पारिवारिक कलह और विवाद की बात सामने आ रही है, हालाँकि पुलिस हर एंगल से इसकी तस्दीक कर रही है।

पुलिस बल और थाना प्रभारी मौके पर

घटना की भनक लगते ही विश्वविद्यालय थाना प्रभारी हितेंद्र नाथ शर्मा भारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुँचे। पुलिस टीम ने घटनास्थल को घेरकर बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए।

जांच में जुटी पुलिस

फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आत्महत्या के असल कारणों का खुलासा गहन जाँच और फॉरेंसिक रिपोर्ट सामने आने के बाद ही हो सकेगा। इस वीभत्स घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिवार और सहकर्मियों ने शोक व्यक्त किया है।

— Dinkar Kumar Mahara

अपराध

खरगोन पुलिस की बड़ी कार्रवाई: ट्रांसफार्मर ऑयल, तार और मिर्ची चुराने वाले अंतरजिला गिरोह के 7 आरोपी गिरफ्तार; ₹16.74 लाख का माल जब्त



खरगोन: मैंनगाँव थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने विद्युत ट्रांसफार्मर से ऑयल, तांबा-एल्यूमिनियम क्वाइल, तार और खेतों से लाल मिर्ची चुराने वाले एक शातिर अंतरजिला गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ियों सहित कुल 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के 12 मामलों का खुलासा किया है।

मुख्य बिंदु:

• जब्त सामग्री (कुल कीमत लगभग ₹16,74,500): पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1500 लीटर ट्रांसफार्मर ऑयल (₹2.62 लाख), 8 ट्रांसफार्मर की क्वाइल व छड़ें (₹3.20 लाख), 200 मीटर तार (₹20 हजार) और 10 क्विंटल लाल मिर्ची (₹2 लाख) बरामद की है। इसके अलावा वारदात में प्रयुक्त 1 महिंद्रा पिकअप वाहन (₹7 लाख) और 2 मोटरसाइकिल (₹1.20 लाख) भी जब्त की गई हैं।

• वारदात के क्षेत्र: आरोपियों ने खरगोन जिले के थाना मैंनगाँव, ऊन, बरुड़, गोगावां और अहिरखेड़ा क्षेत्रों में सिलसिलेवार चोरियों को अंजाम देना कबूल किया है।

• गिरफ्तार आरोपी: पुलिस ने पोखर रोड पर घेराबंदी कर मुख्य आरोपी दीपक, अक्षय, समीर और गणेश (सभी निवासी रहीमपुरा, खरगोन) को पकड़ा। पूछताछ के बाद चोरी का माल खरीदने वाले धार निवासी राम और खरगोन के कबाड़ी शाहिद व फरीद को भी गिरफ्तार किया गया।

• आपराधिक रिकॉर्ड: मुख्य आरोपी दीपक पर पूर्व से ही हत्या, अपहरण और दुष्कर्म (पॉक्सो एक्ट) जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं, जबकि समीर और अक्षय पर भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

— Rajkumar Kaithwas

अपराध

गांजे के झूठे केस में फंसाने की धमकी देने वाले सिवनी के 6 पुलिस अफसर सस्पेंड, ₹50 हजार मांगे थे हर महीने



सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया में वायरल

झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी थी

वीडियो 13 नवंबर शाम का बताया जा रहा है

बाबरिया रोड स्थित होटल सिद्धार्थ में ठहरे बालिग युवक-युवतियों को बैग में गांजा रखकर झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

हर महीने 50 हजार रुपये मांग रहे हैं

होटल संचालक संजय सनोडिया ने बताया कि कोतवाली टीआई सतीश तिवारी, एसडीओपी चंचलेश मरकाम और ट्रैफिक निरीक्षक विजय तिवारी हर महीने 50 हजार रुपये मांग रहे हैं। मीडिया में वायरल वीडियो 13 नवंबर शाम का बताया जा रहा है।

पुलिसकर्मी होटल के अंदर दिखाई दे रहे हैं

वीडियो में एएएसपी दीपक मिश्रा, एसडीओपी चंचलेश मरकाम, कोतवाली टीआई सतीश तिवारी, हेड कांस्टेबल नवीन तिवारी, एएसपी के ड्राइवर सलमान खान व गनमैन कृष्णा तिवारी होटल के अंदर दिखाई दे रहे हैं। सिवनी एसपी कार्यालय और जिले के पुलिस कर्मचारियों में कार्रवाई से हड़कप मचा है।

वीडियो की आधिकारिक पुष्टि

इस होटल को किराए पर चलाने वाले युवक ने भी कुछ दिन पहले पुलिस अधिकारियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। इन आरोपों व वीडियो की आधिकारिक पुष्टि हो चुकी है।

पूरे प्रकरण की जांच कराने के निर्देश

मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी ने कोतवाली टीआई सतीश तिवारी को लाइन अटैच कर पूरे प्रकरण की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। एसपी लालचंदानी ने बताया कि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बोले- पुलिस की वर्दी में अनुशासनहीनता स्वीकार्य नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स हैंडल पर पास्ट करके नाराजगी जताई। पुलिस की वर्दी में अनुशासनहीनता एवं कदाचार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। पुलिस बल में अनुशासन, जवाबदेही और कर्तव्यनिष्ठा सर्वोपरि है।

प्रकरण की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच के निर्देश

सिवनी के वायरल वीडियो प्रकरण में प्रथम दृष्टया संदिग्ध आचरण सामने आने पर ASP, SDOP सहित 6 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने और प्रकरण की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं।

दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने वाले प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी से जिम्मेदारी, मर्यादा और अनुशासन के साथ कर्तव्यों के निर्वहन की अपेक्षा है। कदाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

— Dinkar Kumar Mahara

स्थानीय

जैतहरी में बाल विवाह रोकथाम शपथ के साथ जागरूकता रैली



आज अनूपपुर जिले के जैतहरी थाना क्षेत्र में बाल विवाह जैसी कुरीति को समाप्त करने के उद्देश्य से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती संगीता भगत के मार्गदर्शन में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैतहरी की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं संयुक्त रूप से बाल विवाह न करने व न होने देने तथा समाज में इसके विरुद्ध जागरूकता फैलाने की शपथ ली। कार्यक्रम उपरांत रैली निकर कर बाल विवाह रोकथाम की जागरूकता निभाई गई।

इस रैली में स्थानीय प्रशासन, सामाजिक कार्यकर्ता और स्वयंसेवक भाग लेकर शपथ लेते हुए बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला और समुदाय को इस प्रथा से दूर रहने का आह्वान किया।

उपस्थित लोगों ने बाल विवाह के खिलाफ सख्त कानूनों के पालन की आवश्यकता पर बल दिया तथा भविष्य में इस प्रकार की कुरीति को जड़ से समाप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

रैली के अंत में स्थानीय पुलिस ने बाल विवाह के मामलों की रिपोर्टिंग के लिए एक हेल्पलाइन स्थापित करने की घोषणा की, जिससे पीड़ितों को तुरंत सहायता मिल सके।

— Dinkar Kumar Mahara

राजनीति

नीमच में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगमन



नीमच में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगमन हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नीमच में प्रवेश किया।

नीमच में आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगमन दर्ज किया गया। नीमच से बड़ी खबर सीएम मोहन यादव जी की कहानी ।

कभी मामा की भांजियां तो कभी भैया की लाडली बहन ।

सत्ता के रिश्तों के नाम तो बदल गए, पर बेटियों की जमीनी स्थिति आज भी वही है

नीमच में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगमन



नीमच में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगमन हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नीमच में प्रवेश किया।

नीमच में आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आगमन दर्ज किया गया। नीमच से बड़ी खबर सीएम मोहन यादव जी की कहानी ।

कभी मामा की भांजियां तो कभी भैया की लाडली बहन ।

सत्ता के रिश्तों के नाम तो बदल गए, पर बेटियों की जमीनी स्थिति आज भी वही है

— Dinkar Kumar Mahara

कृषि

नानपारा चीनी मिल में 43वाँ गन्ना पेराई सत्र शुरू, 72 घंटे में भुगतान का वादा



नानपारा चीनी मिल में 43वाँ गन्ना पेराई सत्र 2026-27 का शुभारम्भ विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने हवन-पूजन व फीता काटकर किया। समारोह में पूर्व बैल पूजन, कांटा पूजन तथा बैलगाड़ी-ट्रैक्टर पूजन सहित कई अनुष्ठान हुए।

पहले तौल के लिये दर्शनपुरवा के सुखविंदर सिंह की बैलगाड़ी व खुद्दाभारी के रामसुख ट्रैक्टर को पूजन कर सम्मानित किया गया। बैलगाड़ी का वजन 23.45 किलोग्राम तथा ट्रैक्टर का 104.20 किलोग्राम दर्ज किया गया। जिलाधिकारी ने तौल केन्द्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने की चेतावनी दी और असंतोष पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही तौल केन्द्रों में पेयजल व मार्गों की मरम्मत के निर्देश जारी किए।

प्रधान प्रबंधक राज बहादुर यादव ने कहा कि गन्ना भुगतान को 72 घंटे के भीतर पूरा करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक बलहा प्रतिनिधि आलोक जिंदल, एसडीएम नानपारा प्रकाश सिंह, जिला गन्ना अधिकारी आनंद शुक्ल तथा अन्य अधिकारी, संचालक और किसान उपस्थित रहे।

— Buddhi Prakash Mali

स्वास्थ्य

विश्व सीओपीडी दिवस पर डॉ. अभिषेक तिवारी का संदेश: समय पर पहचान से बेहतर जीवन



विश्व सीओपीडी दिवस पर बिरसा मुंडा गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, शहडोल के छाती श्वास और एलर्जी रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक तिवारी ने "Early Diagnosis and Management for a Better Life" थीम के अंतर्गत फेफड़ों की गंभीर परंतु रोकथाम योग्य बीमारी सीओपीडी पर प्रकाश डाला।

सीओपीडी में धीरे-धीरे सांस लेने में परेशानी, लंबे समय तक खांसी, बलगम और सीढ़ियाँ चढ़ने या हल्की चाल पर सांस फूलने के लक्षण प्रमुख होते हैं। कई रोगी इन लक्षणों को उम्र, कमजोरी या मौसम के प्रभाव समझकर नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे निदान देर से होता है।

घरेलू वायु प्रदूषण (लकड़ी व गोबर के उपलों से निकलने वाला धुआँ), बाहरी वायु प्रदूषण, कार्यस्थल पर धूल व रासायनिक धुएँ का संपर्क, बार-बार श्वसन संक्रमण और आनुवंशिक कारण सीओपीडी के प्रमुख जोखिम कारक हैं।

निदान के लिए स्पाइरोमेट्री सबसे महत्वपूर्ण जांच है, विशेषकर 40 वर्ष से अधिक आयु के खांसी, बलगम या सांस फूलने वाले रोगियों में। उपचार में धूम्रपान समाप्ति, सही इनहेलर उपयोग, शारीरिक व्यायाम, पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन, टीकाकरण और वायु प्रदूषण से बचाव शामिल हैं। डॉ. तिवारी ने कहा कि इनहेलर नशा नहीं है, बल्कि दवा को फेफड़ों तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम है।

वे सभी से आग्रह करते हैं कि सांस से संबंधित लक्षणों को नजरअंदाज न करें, समय पर स्पाइरोमेट्री जांच कराएँ और धूम्रपान मुक्त समाज के निर्माण में योगदान दें।

— Buddhi Prakash Mali

अपराध

भिलाई भट्टी पुलिस ने उधार पर 30% साप्ताहिक ब्याज मांगकर मारपीट की धमकी देने वाली महिला को गिरफ्तार किया



भिलाई भट्टी पुलिस ने आज एक महिला को गिरफ्तार किया, जो उधार की रकम पर 30% साप्ताहिक ब्याज मांगते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देती थी।

पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रीति टांडी ने उधार लेने वाले से ब्याज की मांग करते हुए हिंसात्मक भाषा का प्रयोग किया और उसे मारने की चेतावनी दी। वह फरार हो गई, परंतु पुलिस ने उसे तुरंत पकड़ लिया।

गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने टांडी से पूछताछ की और उसे अपराध के लिए साक्ष्य के रूप में दस्तावेज़ एवं गवाहों के बयान एकत्रित किए।

यह मामला स्थानीय स्तर पर उधार और ब्याज की अवैध प्रथाओं के खिलाफ चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है। पुलिस ने आगे की जांच के लिए केस को संबंधित विभाग में भेजने का निर्देश दिया है।

— Santosh Kumar Peswani

सेंधवा तहसील के ग्राम झिरीजामली में तालाब और नहर की समस्या को लेकर आज पूरे ग्रामवासियों ने बैठक की।



* HEADLINE / सेंधवा

सेंधवा तहसील के ग्राम झिरीजामली में तालाब और नहर की समस्या को लेकर आज पूरे ग्रामवासियों ने बैठक की।

ग्रामीणों का कहना है कि 20-25 साल पहले गांव में तालाब बना था, उसकी नहर से सिर्फ 1 साल ही सिंचाई हो पाई, उसके बाद 10-15 साल से पानी नहीं आया है।

बीच में नहर फूटने से 15-20 किसानों की फसल का नुकसान हुआ। मुआवजे के लिए पटवारी को भी बुलाया गया, अवगत भी करवाया गया, लेकिन आज तक किसानों को ना मुआवजा मिला, ना भुगतान हुआ।

ग्रामवासियों की मांग है -

1. सभी प्रभावित किसानों को जल्द मुआवजा मिले

2. फूटी हुई नहर का काम जल्द से जल्द शुरू हो

3. जिम्मेदार कर्मचारी और ठेकेदार तक उनकी समस्या पहुंचाई जाए

बैठक में मध्य प्रदेश आदिवासी विकास परिषद युवा प्रभाग के बड़वानी के उपाध्यक्ष अमर सिंह सोलंकी एवं ग्रामीण वासियों उपस्थित रहे

#SendhwaNews #BarwaniNews #KisanAndolan #TalabNahar #Need24News

---

Batao, iska *Thumbnail ke liye bada text* bhi bana du?

Jaise - "15 साल से सूखी नहर, किसान परेशान"

— DINESHNEED24

अपराध

शहडोल में जमीन विवाद से परिवारिक रिश्ते बिगड़े, देवर पर भाभी के निजी फोटो-वीडियो प्रसारित करने का आरोप



शहडोल में चल रहे जमीन विवाद ने परिवार के भीतर संबंधों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। इस विवाद के चलते देवर पर अपनी भाभी के निजी फोटो-वीडियो जाल पर प्रसारित करने का आरोप लगा है, जिससे परिवारिक माहौल में शर्मिंदगी का माहौल बन गया है।

परिवार के सदस्य इस बात से असंतुष्ट हैं कि निजी सामग्री को सार्वजनिक मंच पर लाया गया। भाभी ने अपने निजी जीवन के उल्लंघन का उल्लेख किया और देवर को इस कार्य के लिए जिम्मेदार ठहराया।

स्थानीय पुलिस ने इस मामले की जाँच शुरू कर दी है और संबंधित पक्षों से बयान ले रहे हैं। जांच के परिणामस्वरूप उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी, यह आशा व्यक्त की गई है कि इस प्रकार की घटनाएँ दोबारा न हों।

— Brijesh Kumar Lodhi

शराब दुकान को हटवाने के लिए महिलाओं खोला मोर्चा ग्राम बासादेही की महिलाओं ने रहवासी क्षेत्र से शराब दुकान हटाई जाने के लिए लिखित आवेदन दिया।



मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के ग्राम पंचायत नया खेड़ा बासादेही में शराब दुकान संचालित है यह शराब दुकान नया खेड़ा में स्वीकृत है परंतु ठेकेदार की मनमानी के चलते हमारी दलित बस्ती में संचालित है । जहां पर थोड़ी ही दूर में शासकीय माध्यमिक शाला बासादेही स्थित है। जहां पर छात्र-छात्राओं का आना-जाना लगा रहता है । छात्र-छात्राओं का उसी रास्ते से होकर स्कूल जाना होता हैं। तथा दलित बस्ती में पानी पीने के लिए हैंडपंप लगा हुआ है जो शराब दुकान के पास में है उसे हैंड पंप पर शराबियों की भीड़ लगी रहती जिससे हम महिलाओं को पानी भरने में काफी दिक्कत होती है। शराबियों द्वारा हैंड पंप पर शराब पीना तथा गली को रोज करना आम बात है इसलिए महोदय सिंह जी से विनम्र निवेदन है कि शराब ठेका को रहवासी क्षेत्र से दूर करने कृपा करें। बासादेही की महिलाओं ने कलेक्टर के समक्ष अपनी मांग रखी।

— Gaurav Des Choudhury

जनता पार्टी की रेली



Bhartiye janta party ne nikali aaj kishano ko muafja dilane ke liye reli jisme bhari sankhya me kishan aye

— Abhishek Shakya

गुना जिले में भव्य शोभा यात्रा, हनुमान चौराहा होटल सम्राट से प्रारम्भ, होटल नारायण पर समापन



गुना जिले में आज भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा हनुमान चौराहा स्थित होटल सम्राट से प्रारम्भ हुई और विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए होटल नारायण पर समाप्त हुई।


गुना के सभी धर्म प्रेमियों ने इस यात्रा में बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे आयोजन में उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा।

यात्रा को सभी ने मंगलकारी माना, और इस प्रकार यह का इनर्यक्रम स्थानीय समुदाय में एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक बन गया।

— पुरुषोत्तम बैरागी

अपराध

गुना के बीजी रोड पर हुई झड़प में कोई हानि नहीं, दोनों पक्षों ने समझौता किया



गुना जिले के बीजी रोड पर आज दो पक्षों के बीच झड़प हुई, जिसमें कोई भी व्यक्ति घायल या मृत नहीं हुआ।

स्थानीय लोगों ने तुरंत हस्तक्षेप कर दोनों समूहों को शांत किया और स्थिति को नियंत्रित किया।


जनता के समझाने के बाद दोनों पक्षों ने आपसी मतभेदों को दूर कर समझौता किया, जिससे आगे कोई हिंसा नहीं हुई।

पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर ली है और स्थिति को सामान्य घोषित किया गया।

— पुरुषोत्तम बैरागी

स्थानीय

गुना जिले के बीजी रोड के ओवरब्रिज पर लंबा ट्रैफिक जाम, कोई ट्रैफिक अधिकारी नहीं



आज गुना जिले के बीजी रोड पर स्थित ओवरब्रिज पर लंबा ट्रैफिक जाम बना हुआ है।

जाम का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है और इसे अज्ञात कारण माना जा रहा है।

जाम के दौरान किसी भी ट्रैफिक अधिकारी की उपस्थिति नहीं देखी गई, जिससे स्थिति को शीघ्रता से साफ़ करने में असमर्थता रही।

स्थानीय यात्रियों ने असुविधा व्यक्त की, परन्तु अब तक प्राधिकरण की कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं मिली है।

प्राधिकरण से अनुरोध किया गया है कि वे स्थिति की जाँच कर उचित उपाय कर जाम को जल्द से जल्द मुक्त करें।

— पुरुषोत्तम बैरागी

जैतहरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत गोधन में पदाधिकारी सरपंच, सचिव द्वारा ग्राम सभा का आयोजन पर मनमानी करना ।



जैतहरी जनपद पंचायत के अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत गोधन में सचिव सरमन चौधरी द्वारा मनमानी यह घटना ग्राम के निवासियों में असंतोष का कारण बन रही है और प्रशासनिक अनुशासन पर प्रश्न उठ रही है

ग्राम पंचायत के पदाधिकारी सरपंच राजमती मोगरे, उपसरपंच दीपक कुमार व सचिव सरमन चौधरी पंचायत को मनमानी ढंग से चलाने पे गांव के जनता शासन प्रशासन पे उठा रहे गंभीर सवाल, तथा सरपंच सचिव द्वारा आज दिनांक 18/11/2026 को ग्राम सभा का आयोजन किया गया था जो कि ग्राम सभा में कोरम पूर्ण न होने के कारण ग्राम सभा को आगामी दिनांक के स्थगित कार्यवाही के लिए सचिव महोदय कार्यवाही रजिस्टर पे कार्यवाही न कर अपने हाथ से लिख लेना वहीं पे रजिस्टर रखा हुआ है बोलते हुए पंचायत से चले गए इस प्रकार की अशोभनीय शब्दों का सचिव महोदय के द्वारा आए दिन प्रयोग किया जाता है । और अपने मनमानी तरीके से पंचायत को चलाने का प्रयास करते है जिसकी शिकायत पूर्व पे जनपद पंचायत जैतहरी एवं जिला कलेक्टर महोदय मंगलवार जनसुनवाई में दिया गया है । जिस पर कार्यवाही न होने पर ग्राम पंचायत गोधन की सचिव ,सरपंच व उपसरपंच की मनमानी बढ़ती जा रही है।

ग्राम के कई निवासियों ने बताया कि पदाधिकारी बिना उचित कारण के निर्णय ले रहे हैं, जिससे पंचायत के सामान्य कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस प्रकार की मनमानी कार्यवाही से स्थानीय विकास कार्यों में देरी और सामाजिक अस्थिरता की संभावना बढ़ रही है।

ग्राम पंचायत के पदाधिकारी सरपंच राजमती मोगरे, व सचिव सरमन चौधरी तथा पांचों द्वारा पंचायत को मनमानी ढंग से चलने पे गांव के जनता शासन प्रशासन पे उठा रहे गंभीर सवाल, तथा सरपंच सचिव द्वारा आज दिनांक 18/11/2026 को ग्राम सभा का आयोजन किया गया था जो कि गांव पे अधिक जनसंख्या में जनता की उप

स्थानीय लोक प्रशासन से अनुरोध किया गया है कि वह इस मामले की तुरंत जांच करे और उचित कार्रवाई सुनिश्चित करे, ताकि पंचायत कार्यों में पारदर्शिता और न्याय सुनिश्चित हो सके ।

— Dinkar Kumar Mahara

अपराध

सिवनी में वायरल वीडियो के बाद 6 पुलिसकर्मियों को निलंबित, व्यापक जांच के निर्देश



सिवनी में वायरल हुए वीडियो में पुलिस के अनुशासनहीन आचरण को उजागर किया गया, जिसके बाद राज्य पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।

एएसपी, एसडीओपी सहित कुल छह पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया और मामले की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच का आदेश दिया गया।


पुलिस बल में अनुशासन, जवाबदेही और कर्तव्यनिष्ठा को सर्वोपरि माना गया है, और प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी से मर्यादा व अनुशासन के साथ कर्तव्य निर्वहन की अपेक्षा की गई है।

के तहत दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, तथा जांच के परिणामस्वरूप आवश्यक अनुशासनात्मक कदम उठाए जाएंगे।

— राजभान कुशवाहा

स्थानीय

देवास, मध्यप्रदेश में शहीद पवन सिंह यादव का असमय निधन, स्थानीय जनता शोक में



देवास, मध्यप्रदेश के पोलाय जागीर गांव में शहीद पवन सिंह यादव का असमय निधन हुआ, जिससे जिले और राज्य दोनों में गहरा शोक व्याप्त है। उनका निधन देश की सेवा और सुरक्षा के दौरान हुआ, जिससे उनके परिवार और स्थानीय जनता को असीम दुःख का सामना करना पड़ रहा है।

श्री पवन सिंह यादव ने अपने साहस, शौर्य और अदम्य देशभक्ति से राष्ट्र को गौरवान्वित किया। उन्होंने अपने कर्तव्यनिष्ठा से कई कठिन परिस्थितियों का सामना किया और अंततः अपने सर्वोच्च बलिदान से देश के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गए।

उनके असमय वीरगति को प्राप्त होना न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान हो और शोकाकुल परिजनों को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति एवं संबल मिले।

रमजान मंसूरी की रिपोर्ट।

— Ramjan mansuri

स्थानीय

डिंडोरी में शिक्षा विभाग को किया शर्मसार



बच्चों का भविष्य संवारने की जिम्मेदारी जिन शिक्षकों के कंधों पर होती है, अगर वही अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लें तो शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है।

बच्चों का भविष्य संवारने की जिम्मेदारी जिन शिक्षकों के कंधों पर होती है, अगर वही अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लें तो शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठना लाजिमी है। ऐसा ही एक मामला डिंडोरी जिले के सरई हायर सेकेंडरी स्कूल से सामने आया है, जहां ग्रेड-वन शिक्षक चंद्रभान बनवासी पर शराब के नशे में स्कूल पहुंचने और कक्षाओं में पढ़ाने के बजाय स्टाफ रूम में सोने के गंभीर आरोप लगे हैं। हमारी टीम जब स्कूल पहुंची तो शिक्षक स्टाफ रूम में सोते नजर आए। कैमरा देखते ही उन्होंने चेहरा छिपाने की कोशिश की।

एक सप्ताह से नियमित कक्षाएं नहीं लगने का आरोप

कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। छात्राओं का आरोप है कि पिछले एक सप्ताह से इतिहास और राजनीति विज्ञान की नियमित कक्षाएं नहीं लग रही हैं। इतिहास विषय पढ़ाने वाले शिक्षक चंद्रभान बनवासी नशे की हालत में स्कूल पहुंचते हैं और पढ़ाने के बजाय स्टाफ रूम में सो जाते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

परीक्षाएं नजदीक, छात्राओं की बढ़ी चिंता

सबसे चिंताजनक बात यह है कि अर्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू होने वाली हैं, लेकिन परीक्षा से ठीक पहले छात्राओं को महत्वपूर्ण विषयों की तैयारी का पर्याप्त अवसर नहीं मिल पाया है। सवाल यह भी उठ रहा है कि जब स्कूल में शिक्षक की इस कथित लापरवाही का सिलसिला जारी था, तो स्कूल प्रबंधन ने समय रहते कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया?

जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन

प्राचार्य डीपी नागेश से इस मामले में जवाब मांगा गया, लेकिन वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। वहीं, जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त राजेंद्र जाटव ने मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। फिलहाल जांच के बाद ही शिक्षक पर लगे आरोपों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

— Dinkar Kumar Mahara

अपराध

रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट में आग की घटना को लेकर फैली चर्चाओं पर कंपनी प्रबंधन ने दी सफाई



रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट में आग की घटना को लेकर फैली चर्चाओं पर कंपनी प्रबंधन ने दी सफाई

कचरे में लगी आग को कंपनी में लगी आग बताने की चर्चा, वरिष्ठ प्रबंधक राकेश सिंह ने स्पष्ट किया वास्तविक स्थिति

संवाददाता अखिलेश त्रिपाठी | neet24

रामपुर बटुरा। रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट में कार्यरत जय अंबे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को लेकर आग की घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं फैलने लगीं। कई जगहों पर कंपनी में भीषण आग लगने की खबर सामने आने से लोगों के बीच असमंजस और चिंता का माहौल निर्मित हो गया। हालांकि, मौके पर पहुंचकर प्राइम न्यूज़ इंडिया के संवाददाता अखिलेश त्रिपाठी ने कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन से बातचीत कर मामले की वास्तविक स्थिति जानने का प्रयास किया।

संवाददाता अखिलेश त्रिपाठी जब मौके पर पहुंचे और कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधकों से इस घटना के संबंध में जानकारी ली, तो वरिष्ठ प्रबंधक राकेश सिंह ने स्पष्ट रूप से कंपनी प्रबंधन का पक्ष रखते हुए बताया कि कंपनी परिसर में आग लगने की घटना नहीं हुई थी, बल्कि कचरे में आग लगाई गई थी। उन्होंने कहा कि कचरे में लगी आग को कंपनी में लगी आग के रूप में बताने से लोगों के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

बैठकर विस्तृत चर्चा की गई, जिसमें उन्होंने आग की घटना को लेकर सामने आ रही चर्चाओं पर अपनी सफाई दी। कंपनी प्रबंधन का कहना है कि घटना को लेकर जो बातें प्रसारित की जा रही हैं, उनमें वास्तविक स्थिति और प्रचारित जानकारी के बीच अंतर है। इसलिए बिना तथ्यों की पुष्टि किए किसी भी खबर को आगे प्रसारित करना उचित नहीं है।

नीड 24 दिसंबर संवाददाता की टीम ने मौके पर पहुंचकर कंपनी प्रबंधन का पक्ष जानने और स्थिति को स्पष्ट करने का प्रयास किया, ताकि क्षेत्र में फैली चर्चाओं के बीच लोगों तक सही जानकारी पहुंच सके। समाचार का उद्देश्य किसी भी प्रकार की अफवाह को बढ़ावा देना नहीं, बल्कि संबंधित पक्ष का बयान सामने रखकर वास्तविक स्थिति से लोगों को अवगत कराना है।

इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के बीच भी आग को लेकर चर्चा बनी हुई है। ऐसे में जरूरी है कि किसी भी घटना की जानकारी प्रत्यक्ष तथ्यों, संबंधित अधिकारियों के बयान और जिम्मेदार पक्षों की पुष्टि के आधार पर ही साझा की जाए।

कंपनी प्रबंधन का स्पष्ट बयान: वरिष्ठ प्रबंधक राकेश सिंह के अनुसार, आग कंपनी में नहीं लगी थी, बल्कि कंपनी के कचरे में आग लगाई गई थी। कंपनी प्रबंधन ने इस बयान के माध्यम से आग की घटना को लेकर फैल रही चर्चाओं पर अपना पक्ष स्पष्ट किया है।

निड़ 24 के संवाददाता अखिलेश त्रिपाठी मौके पर पहुंचकर तथ्यों और संबंधित पक्षों के बयान के आधार पर समाचार प्रस्तुत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

— Akhilish Tripathi

पुराने मामलों में पकड़े गए लोगों के परिजनों से किया संवाद



जिले में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने स्वजन सहयोग कार्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत पुलिस उन लोगों के घर पहुंच रही है, जो पूर्व में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और नशे के कारोबार से जुड़े मामलों में संलिप्त रहे हैं। पुलिस उनके परिजनों से संवाद कर संबंधित व्यक्तियों की वर्तमान गतिविधियों की जानकारी ले रही है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल देने की अपील कर रही है।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में शुरू किए गए इस कार्यक्रम के तहत पुलिस टीम ने अशोकनगर में मनोज शर्मा निवासी इंदिरा पार्क के पास, रवि गोस्वामी उर्फ रवि तोता, आसमा खान और सोनू शर्मा निवासी चौधरी कॉलोनी के घर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की।

व्यक्तियों की वर्तमान स्थिति और गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। साथ ही परिजनों से कहा कि यदि कोई व्यक्ति दोबारा नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त पाया जाता है या इस संबंध में कोई जानकारी मिलती है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

इस दौरान एसडीओपी ओमप्रकाश मिश्रा, कोतवाली थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। पुलिस ने आमजन से भी नशे के अवैध कारोबार से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की है। पुलिस के अनुसार सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी

— Arvind sen

धर्म

मंदसौर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मां चंबल की पूजा-अर्चना कर की आरती



मंदसौर, मध्य प्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंदसौर जिले में मंत्रिपरिषद के सदस्यों के साथ मां चंबल के पावन तट पर पहुंचकर विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मां चंबल की आरती कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की।


पूजन एवं आरती के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मां चंबल से प्रार्थना की कि प्रदेशवासियों के जीवन में सदैव सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली बनी रहे। साथ ही मध्यप्रदेश निरंतर विकास और प्रगति के नए आयाम स्थापित करता रहे।

इस धार्मिक आयोजन में मंत्रिपरिषद के सदस्य भी उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुए इस पूजन कार्यक्रम में प्रदेश की खुशहाली और जनकल्याण की मंगलकामना की गई।

— Pankaj Gupta

स्थानीय


गुना के विधायक ऋषि अग्रवाल ने निजी वाहन को एंबुलेंस में बदला, सेवा में लगाया



गुना जिले के बमोरी क्षेत्र के विधायक ऋषि अग्रवाल ने अपने निजी वाहन को एंबुलेंस में परिवर्तित कर आम जनता की सेवा में लगा दिया।

स्थानीय

गुना जिले में प्रवेश निषेध संकेत के बावजूद भारी वाहनों का अनधिकृत प्रवेश



गुना जिले के एक प्रमुख मार्ग पर प्रवेश निषेध संकेत लगे होने के बावजूद भारी वाहनों का अनधिकृत प्रवेश किया गया, जिसकी तस्वीरें वायरल वीडियो के रूप में सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से देखी गईं।

वीडियो में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि कई बड़े ट्रक और लोडेड वाहन संकेत को अनदेखा कर सड़क में प्रवेश कर रहे हैं, जिससे ट्रैफ़िक का व्यवधान और सुरक्षा जोखिम उत्पन्न हो रहा है।


स्थानीय अधिकारियों को इस उल्लंघन की कई बार सूचना दी गई, परंतु उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार अब तक कोई ठोस कार्रवाई या रोकथाम उपाय नहीं अपनाए गए हैं।

इस स्थिति को लेकर स्थानीय नागरिकों ने चिंता व्यक्त की है और अधिकारियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

— पुरुषोत्तम बैरागी

धर्म

सभी भक्तों को सूचित किया जाता है कि गुना जिले में आज से भागवत कथा प्रारंभ हो चुकी है



गुना जिले के सभी जनता को सूचित किया जाता है कि गुना जिले में आठ रोड पर पशु चिकित्सालय में सत्य दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होने जा रही है जो कि आज से प्रारंभ होगी आज इसका कलर्स यात्रा निकाली गई इसमें सभी शहरवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया कलश यात्रा में अब दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक 7 दिन के लिए भागवत कथा चलाई जा रही है तो आप लोग सादर आमंत्रित हैं

— पुरुषोत्तम बैरागी